



# कूनो पहुंचे सीएम, कल करेंगे चीतों को रिलीज

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 10 मई।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज 10 मई की शाम कूनो नेशनल पार्क पहुंचे, वे कूनो में रात्रि विश्राम के उपरांत कल 11 मई को चीता प्रोजेक्ट के

### अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने की अगवानी

तहत कूनो नेशनल पार्क में दो चीतों को खुले जंगल में रिलीज करेंगे। आज शाम कूनो नेशनल पार्क के हैलीपेड पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अधिकारियों एवं



जनप्रतिनिधियों द्वारा आगवानी कर स्वागत किया गया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 11 मई को प्रात: 08 बजे कूनो रेस्टहाउस के समीप कूनो नदी के पास स्थित साइट पर चीतों को खुले जंगल में रिलीज करेंगे। इस दौरान दो चीतों को खुले जंगल में छोडा जायेगा।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कूनो नेशनल पार्क पहुंचने पर कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल, सीसीएफ उत्तम कुमार, डीएफओ आर थिरूकुराल, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत, सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाश नारायण गुप्ता, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, अशोक गर्ग, नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश कुशवाह, भाजपा जिला महामंत्री अरविन्द जादौन, संजय अकोदिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम मुदगल, बाबू सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर में




### पंचायतों में रूफवाटर हार्वेस्टिंग के कार्य जारी

**श्योपुर, 10 मई।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शासकीय भवनों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के कार्य संचालित है। परियोजना अधिकारी मनरेगा विक्रम जाट ने बताया कि जल संरक्षण की दिशा में अभियान के तहत किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों के क्रम में प्रत्येक पंचायत में शासकीय भवनों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के कार्य शामिल किये गये है, जिससे वर्षा जल का भूमि में संग्रहण हो सकें और भू-जलस्तर में वृद्धि हों, इसी क्रम में रानीपुरा सहित अन्य स्थानों पर कार्य कराये जा रहे है।

### जमीनी विवाद को लेकर मारपीट

**श्योपुर।** थाना अगरा मारपीट फरि. रोशन पुत्र जगदीश धाकड़ उम्र 45 साल नि. नि. ग्राम पिपरवास थाना अगरा ने रिपोर्ट की कि दि. 08.05.26 के 15.00 बजे स्थान झिलमिल नाले के पास ग्राम पिपरवास पर आरोपीगण, जगदीश धाकड़, सेवाराम धाकड़ एवं 02 अन्य नि. सदर ने जमीनी विवाद को लेकर मां बहन की गंदी गंदी गालियां देकर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। दि. 08.05.26 के 23.49 बजे अप. क्र. 25/26 धारा 296 (ए),115(2),351(3),3(5) बीएनएस कायम कर लिया है।

### जुआ खेलते पकड़े गये कब्जे से 2100/- रू. ताश गड्डी जप्त

**श्योपुर।** थाना बड़ौदा सटोरिया पकड़ा आरोपीगण, प्रभू, महावीर, रामचरण, गिर्राज, सोनू जातिगण बैरवा नि. गण. पान्डोला बड़ौदा को दि. 09.05.26 के 17.50 से 18.20 बजे स्थान बालाजी मंदिर के पास बैरवा बस्ती पाण्डोला 52 ताश के पत्तो से रू. से हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेलते पकड़े गये कब्जे से 2100/- रू. ताश गड्डी जप्त की गई। दि. 09.05.26 के 20.25 बजे अप. क्र. 98/26 धारा 13 जुआ एक्ट कायम कर लिया है।

## गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित





**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 10 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर, बडौदा, कराहल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किये गये।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विजयपुर में शिविर के दौरान स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. कविता गुप्ता स्त्रीरोग विशेषज्ञ द्वारा 48 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई, जिसमें 9 हाईरिस्क के रूप में चिन्हित कर उन्हें परामर्श प्रदान किया गया तथा 13 एएनसी महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए रेफर किया गया। इसी प्रकार बड़ौदा में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ कृतिका द्वारा 43 एएनसी महिलाओं की जांच की गई जिसमें 12 हाईरिस्क, 01 पीआईएच चिन्हित की गई तथा 22 गर्भवती महिलाओं का फॉलोअप किया गया।

कराहल में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ मासूम ने 79 एएनसी महिलाओं की जांच की गई जिसमें 22 हाईरिस्क वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया गया तथा 55 गर्भवती महिलाओं का फॉलोअप किया गया, 2 हाईरिस्क वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन करते हुए परामर्श प्रदान किया गया।

## ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 10 मई।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्योपुर की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

### नवीन जिला पंचायत भवनों का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश

आयोजित हुई। जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक के दौरान समस्त योजनाओं के प्रभारी अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी, पशुपालन विभाग के अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एपीओ, एसीओ, बीपीएम (पीएम आवास), बीसीएम, बीसी आरजीएसए एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक में मनरेगा, पंचायत निर्माण, आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, वाटरशेड, आरजीएसए, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा पंचायत राज से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

मनरेगा अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान-2026, श्रमिक भुगतान, ई-केवाईसी, एफएमएमएस एप के माध्यम से उपस्थिति एवं च्एक बगिया माँ के नामज्ञ अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। पंचायत निर्माण कार्यों के अंतर्गत पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनवाड़ी भवन निर्माण, परिसंपत्ति मैपिंग एवं जियो टैगिंग की स्थिति की जानकारी ली गई।

आरजीएसए योजना अंतर्गत निर्माणाधीन 07 अटल पंचायत भवन, पंचायत लर्निंग सेंटर एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए नवीन पंचायत भवनों को फिनिशिंग स्तर पर आगामी 15 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, स्वच्छता परिसरों एवं डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवासों की पूर्णता, द्वितीय किस्त जारी प्रकरण, आवास प्लस सर्वे एवं हितग्राही मॉड्यूल की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पंचायत स्तर पर जलकर, स्वच्छता कर एवं परिसंपत्ति कर की वसूली तथा विद्युत देयकों के भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की गई। आरईएस विभाग अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों में जो कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें शीघ्र प्रारंभ करने एवं प्रगतिरत कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्योपुर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, समय-सीमा में लक्ष्य अनुसार कार्य पूर्ण करने तथा शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया।

### खेत की बाड़ हटाने को लेकर मारपीट की

**श्योपुर, 10 मई।** थाना बड़ौदा मारपीट फरि. बजरंग लाल पुत्र मांगीलाल कीर उम्र 50 साल नि. मंडी ने रिपोर्ट की कि दि. 08.05.26 के 23.00 बजे स्थान फरि. के घर के सामने आम रोड़ मंडी पर आरोपीगण, रामदयाल कीर, गोवर्धन कीर नि. मंडी ने खेत की बाड़ हटाने को लेकर फरिया के साथ मारपीट की गंदी - गंदी गालियां दी व जान से मारने की धमकी दी। दि. 09.05.26 के 10.47 बजे अप. क्र. 96/26 धारा 296ए,115 (2), 351(2),3 (5) बीएसएस कायम कर लिया है।

**अज्ञात मर्ग सूचना कायम : श्योपुर।** थाना ढोढर मर्ग सू.क. लालाराम पुत्र श्रीपाल आदि. उम्र 35 साल नि. आमली का सहराना ढोढर ने बताया कि दि. 09.04.26 के 00.10 बजे स्थान पारम नदी के पास नहर रोड़ ढोढर पर आरोपी अज्ञात मर्ग क्र. 04/26 की जांच पर से अप. कायम कर विवेचना में लिया गया ।

## नेशनल लोक अदालत में आपसी सुलह से 947 प्रकरणों का निराकरण

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 10 मई।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कपिल मेहता ने जिला न्यायालय, श्योपुर एवं तहसील न्यायालय विजयपुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर कपिल मेहता साहब के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर संजय गोयल, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, सुशील कुमार, विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी, नेशनल लोक अदालत, श्योपुर, सुश्री प्रतिष्ठा अवस्थी, प्रथम जिला न्यायाधीश, श्रीमती बबीता होरा



शर्मा, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्रीमती वर्षा सूर्यवंशी मजुमदार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ओमप्रकाश गुप्ता, अध्यक्ष, जिला अभिभाषक संघ, जिला मुख्यालय पर पदस्थ समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं ऑनलाईन माध्यम से तहसील न्यायालय विजयपुर के न्यायिक अधिकारीगण, सुश्री शीला दाहिमा, कलेक्टर जिला-श्योपुर, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिला न्यायालय श्योपुर में प्रीलिटिगेशन मामलों के लिए विद्युत विभाग, वन विभाग, नगर पालिका, बैंक एवं बी.एस.एन.एल. इत्यादि विभागों के प्रकरणों के निराकरण हेतु पृथक-पृथक स्टॉल लगाये गये, जिन पर भारी संख्या में लोग अपने निराकरण के लिए मौजूद थे तथा प्रकरणों में राजीनामा करने पर लोक अदालत स्मृति चिन्ह के रूप में फलदार पौधे पक्षकारों को प्रदान किये गये साथ ही कुटुम्ब न्यायालय में निराकृत प्रकरणों के महिला पक्षकारों को सुहाग का सामान एवं कपड़े इत्यादि भेंट स्वरूप प्रदान किए गए।

नेशनल लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन के विभिन्न विभागों के करीब 406 मामले निपटाए जाकर राशि रूपये 5076454/- की वसूली की गई। जिसमें विद्युत विभाग के लगभग 189 मामले निराकृत कर 2600480/- राशि की वसूली की। नगर पालिका के 25 निपटाए जाकर 289255/- राशि की वसूली की गई।

जिला न्यायालय, श्योपुर एवं तहसील न्यायालय, विजयपुर के न्यायिक अधिकारियों की खण्डपीठों ने कुल 541 मामलो का आपसी सुलह और समझौते से पक्षकारों के मामलो का निराकरण किया गया। जिसमें मोटर दुर्घटना के 05 मामलो में 4335000/- राशि का मुआवजा दिलाया गया तथा चौक बाउंस 45 मामलो में 10970923/- राशि तथा आपराधिक प्रकरण के 47 मामलों में निराकरण किया गया एवं विद्युत विभाग के 63 मामले निराकृत किए गए। साथ की माननीय कुटुम्ब न्यायालय में कुल 23 प्रकरणों को आपसी समझौते से निराकृत किया गया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं माननीय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर श्री मेहता के मार्गदर्शन में आयोजित नेशनल लोक अदालत में संजय गोयल, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, श्योपुर के न्यायालय में एक दंपति के मध्य पारिवारिक विवाद से संबंधी 02 प्रकरण लंबित थे। उक्त दंपति का विवाह वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री कन्यादान योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन में ग्राम पनवाड़ा तहसील कराहल जिला श्योपुर में सम्पन्न हुआ था। यह कि शादी के बाद उभयपक्ष के संसर्ग से 03 संतानें उत्पन्न हुई थी। दोनों पक्षों में पारिवारिक विवाद उत्पन्न हो जाने से करीब 02 वर्ष से उभयपक्ष अलग-अलग निवासरत थे।

आयोजित नेशनल लोक अदालत की खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी श्री गोयल, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, श्योपुर एवं खण्डपीठ के सदस्य तथा पक्षकारों की ओर से आवेदिका के अधिवक्ता सरफराज हुसैन नकवी एवं अनावेदक के अधिवक्ता मानसिंह राजपूत द्वारा दंपति को समझाईश दी गई जिस पर दोनों पक्ष साथ-साथ रहने के लिए सहमत हो गए और उक्त पति-पत्नि के मध्य समझौता संभव हो सका एवं इस अवसर पर खण्डपीठ द्वारा दंपति को नए जीवन की शुरूआत करने हेतु पौधा भेंट किया गया। साथ ही कुटुम्ब न्यायालय, श्योपुर द्वारा महिला को सुहाग का सामान, व साड़ी आदि भेंट स्वरूप दिए गए।

## जहरीला पदार्थ खाने से एक की मौत

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 10 मई।** थाना सेसईपुरा मर्ग सू.क. जसराम पुत्र पाचू आदि. उम्र 25 साल नि. ग्राम टिकटौली ने बताया कि दि. 09.05.26 के 15.00 बजे स्थान जिला अस्पताल श्यो. पर मृतक एवरन पुत्र रामदयाल आदि. उम्र 30 साल नि. सदर की मृत्यु जहरीला पदार्थ खाने से हो गयी । दि. 09.05.26 के 22.18 बजे मर्ग क्र. 03/26 धारा 194 बीएनएस कायम कर लिया है।

**गाली देकर की मारपीट :** थाना बड़ौदा मारपीट फरि. राधे बाई पत्नि धर्मराज मीणा उम्र 32 साल नि. राजपुरा ने रिपोर्ट की कि दि. 09.05.26 के 13.49 बजे स्थान फरिया. के घर के घर के बाहर ग्राम राजपुरा पर आरोपी घनश्याम मीणा नि. राजपुरा फरि. से तुम्हारी दीवार पर मेरे पत्थर लगे हुये है कि बात कहने पर गंदी गंदी गालियां दी व मारपीट की । दि. 09.05.26 के 13.49 बजे अप. क्र. 97/26 धारा 296(ए),351(2) बीएनएस कायम कर लिया है।

### अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को राजनीतिक नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध

## महिलाओं को नेतृत्व से जोड़ने अभियान शुरू

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 09 मई. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को राजनीतिक नेतृत्व और निर्णय प्रक्रिया की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध है.**

भोपाल स्थित इंदिरा भवन में महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित "हाशिए से नेतृत्व तक महिला नेतृत्व एवं राजनीतिक भागीदारी अभियान " कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पटवारी ने कहा कि यह केवल संगठनात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं को नेतृत्वकारी भूमिका में स्थापित करने का सामाजिक और राजनीतिक संकल्प है. उन्होंने विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि कांग्रेस समाज के हर वर्ग की महिलाओं को सम्मान, समान अवसर और सार्थक भागीदारी दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है. उनके अनुसार यह अभियान प्रदेशभर की महिलाओं को राजनीति, सामाजिक नेतृत्व और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा. इस अवसर पर संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले, प्रशिक्षण विभाग प्रभारी महेंद्र जोशी, मतदाता सूची की सह-प्रभारी आरिफा खान सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं. कार्यक्रम में बौद्ध, सिख, ईसाई, जैन और मुस्लिम समुदाय की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा महिला सशक्तिकरण, नेतृत्व निर्माण और राजनीतिक भागीदारी से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया.

> पटवारी ने बताया कि राज्य स्तर पर गठित महिला नेतृत्व समूह गांव-गांव और शहर-शहर जाकर महिलाओं को कांग्रेस की विचारधारा, संवैधानिक मूल्यों और जनहित के मुद्दों से जोड़ेगा. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब महिलाओं की आवाज नीति निर्माण और शासन व्यवस्था तक पहुंचेगी. उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज की महिलाएं केवल सहभागी बनकर न रहें, बल्कि नेतृत्वकारी भूमिका निभाते हुए प्रदेश और समाज के भविष्य निर्माण में प्रभावी योगदान दें. "मेरी भागीदारी, मेरा नेतृत्व" अभियान महिलाओं के आत्मविश्वास, अधिकारों और राजनीतिक सशक्तिकरण का प्रतीक है.